जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म0प्र0)

क्रमांकः एफ/स्था/प्रशा/2023/6884 दिनांक : 09/05/2023

//कार्यालयीन आदेश//

म0प्र0शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय भोपाल के आदेश क्रमांक 755/2023/38-2 भोपाल, दिनांक 08/05/2023 (संलग्न) के परिपालन में राज्य सरकार द्वारा भारत सरकार व राज्य शासन के विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का पूर्ण लाभ वास्तविक रूप से पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचने के उद्देश्य से ''मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान'' के द्वितीय चरण का आयोजन दिनांक 10 मई 2023 से 25 मई 2023 तक सम्पूर्ण प्रदेश में चलाया जाएगा। इस अभियान के 02 प्रमुख घटक होंगे। पहले घटक में नागरिक सेवाओं के संबंध में लंबित आवेदन पत्रों का शतप्रतिशत निराकरण किया जाना है। नागरिक सेवाओं के अंतर्गत विभाग से संबंधित 05 सेवाएं चिन्हित की गई है :-

1. नामांकन/माईग्रेशन प्रमाण-पत्र प्रदान करना।
2. प्रोविजनल उपाधि/डुप्लीकेट अंकसूची प्रदान करना।
3. अंकसूची में सुधार/नाम/उपनाम/(सरनेम) सुधार करना।
4. स्थानांतरण प्रमाण-पत्र (समस्त महाविद्यालय)।
5. चरित्र प्रमाण-पत्र (समस्त महाविद्यालय)।

पहले घटक के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया जाना है कि कोई भी आवेदन बिना किसी वैध कारण के कार्यालय में लंबित न रहे।

2. दूसरे घटक के अंतर्गत सी.एम. हेल्पलाईन पर दर्ज शिकायतों का निराकरण किया जाना है। इसके अंतर्गत दिनांक 15 अप्रैल 2023 तक दर्ज किन्तु वर्तमान में लंबित शिकायतों का शतप्रतिशत निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जाना है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा ''मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान'' के द्वितीय चरण के आयोजन बावत जारी उक्त संदर्भित पत्रों में उल्लेखित निर्देशों का कडाई से पालन सुनिश्चित किया जाना है।

उक्त आदेश का परिपालन सुनिश्चित करने हेतु जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर के क्षेत्राधिकार के प्रकरणों का निराकरण हेतु निम्नानुसार नोडल अधिकारी नियुक्त किये जाते हैः-

क्र	अधिकारी का नाम एवं पद	क्षेत्राधिकार का आवंटित जिला
01	डॉ0 राजीव मिश्रा उप कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय/प्रशासन)	भिण्ड, मुरैना
02	श्री कुलदीप सिंह चौहान सहायक कुलसचिव (गोपनीय/अकादमिक)	गुना,श्योपुर
03	श्री अमित सिसोदिया सहायक कुलसचिव (प्रशासन/एस.सी.एस.टी. सेल)	दतिया, शिवपुरी
04	श्री देवेन्द्र वर्मा सहायक कुलसचिव (परीक्षा)	ग्वालियर, अशोकनगर

उपरोक्त अधिकारी जीवाजी विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक के निर्देशन में कार्य करेंगे। परीक्षा नियंत्रक .अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा ग्वालियर चंबल संभाग से समन्वय कर मुख्यमंत्री जन सेवा अभियान के क्रियान्वयन की सतत मॉनीटरिंग करेंगे।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

संलग्न :- उपरोक्तानुसार

1. संबंधित अधिकारी, जीवाजी वि0वि0 ग्वालियर की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
2. परीक्षा नियंत्रक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
3. आयुक्त, ग्वालियर चंबल संभाग, ग्वालियर।
4. आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र.शासन भोपाल।
5. अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा चंबल संभाग, ग्वालियर।
6. अवर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, म.प्र.शासन, भोपाल।
7. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी वि0वि0 ग्वालियर।

कुलसचिव